हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत छिन्दपुर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

आदर्श ग्राम छिन्दपुर में प्रत्येक वर्ष के भांति सर्वप्रथम पंचायत भवन, प्राइमरी स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी में पूजा अर्चना राष्ट्रगान कर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात छात्रा छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी को पुरस्कार वितरण किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एसयूवी विश्वनाथ राठौर, एसएमडीसी अध्यक्ष हुलेश राठौर, सरपंच पति प्रताप सिंह कंवर, विधायक प्रतिनिधि कृष्णानंद राठौर, गोपाल राठौर, रामचंद्र राठौर, देवसिंह राठौर, प्यारेलाल राठौर, शंकर यादव, लकेश्वर साहू, प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा, कृष्ण कुमार राठौर, उसमेर सिंह राठौर, शंकर यादव, उपसरपंच रामरतन कैवर्त, शैलेन्द्र राठौर, गजानंद राठौर, स्वाति राठौर, सागर टंडन, श्री काटले, श्री कश्यप, उमाशंकर पाटले, पंकज श्रीवास,सुरेश यादव,एवं सभी गणमान्य उपस्थित रहें।

### परिवहन नगर में हुआ प्रसाद वितरण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर परिवहन नगर में स्थानीय दुकानदारों द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके बाद राष्ट्रगान गूंजा और देश की एकता एवं अखंडता का संदेश दिया गया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में परिवहन नगर के अनेक दुकान संचालक व नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर टूना सिंह, वसीम खान, सतीश श्रीवास, बसंत सिंह, प्रवेश विश्वकर्मा, मन्नू विश्वकर्मा, अमन खान, मनोज अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, कृष्ण अग्रवाल, अमृतलाल, तीरथ जांगड़े, दीपक शर्मा, संजय प्रधान, अजय पटेल, राय सिंह, अनिल गिरी, मंसूर खान, जीते सिंह, पप्पू खान, नितेश अग्रवाल, गोरख शर्मा, दिलीप राणा, मन्नू खान, कृष्ण प्रजापति, कन्हैया बरेट, गोविंद पटेल, गोलू, कपिल डागा, आलम मुंशी, चौधरी अजय रजक, सरफु भाई, कांति दादा, ऋषि अग्रवाल, प्रदीप बसंती यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बांकीमोंगरा में नपा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में भी पहली बार क्षेत्र के स्थित गजरा मैदान में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के द्वारा मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा व सीएमओ श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर आसपास के दर्जनों स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें वीर जवानों की गाथाएं, छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोक कला की झलक , देशभक्ति, आपरेशन सिंदूर, पंथी नृत्य जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान चयन कर पुरस्कृत किया गया। जहां निर्णायक समितियों के द्वारा चयन किया गया कि पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय बांकीमोंगरा के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसे नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के द्वारा 15001 रुपए नगद पुरस्कार व मोमेंटो प्रदान किया। वहीं द्वितीय स्थान शासकीय हाईस्कूल घुड़देना के बच्चों ने प्राप्त किया उसे भी पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा के द्वारा 10001 रुपए नगद पुरस्कार व मोमेंटो प्रदान किया, इसके अलावा तृतीय स्थान विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा ने प्राप्त किये जिसे पालिका अध्यक्ष द्वारा 5001 रुपए नगद पुरस्कार व मोमेंटो प्रदान किया गया।

### सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में हुआ आयोजन

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में गणतंत्र दिवस मुख्य अतिथि योगेश गोयल एवं अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश सिंह, सूर्यकुमार पांडेय समन्वयक सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा व शुभ अग्रवाल के आतिथ्य से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं मां सरस्वती ब्रह्मांड का प्रतीक ओम व भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के सत्र में विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत, ओजस्वी भाषण व भावपूर्ण कविता सुमधुर तमिल, गुजराती, बस्तरिया व लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की भाषा अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं रंगमंचीय कौशल ने उपस्थित जन समूहों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की प्रस्तुति को पालकों एवं अतिथियों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गई।

### रोशनी शिशु मंदिर में प्रभातफेरी के साथ मना गणतंत्र दिवस

ढोढीपारा स्थित रोशनी शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस का पावन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिससे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना। कार्यक्रम में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन की सम्माननीय जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रिया कुलदीप, संभाग उपाध्यक्ष बी.डी. कुलदीप एवं वरिष्ठ सदस्य दिलीप साह की उपस्थिति रही। उनके सान्निध्य में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राखीतारक, संचालक राजेंद्र तारक एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा विधिवत ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं नारों के माध्यम से अपनी राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में मनाया गया गणतंत्र दिवस

# ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने देशभक्ति दिया संदेश



ध्वजारोहण में शामिल अतिथि व स्कूल स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर में 26 जनवरी को 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े उल्लास और भावपूर्ण आयोजन के साथ मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता धनंजय सिंह अध्यक्ष, हसदेव शिक्षण समिति ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीप्रसाद स्वर्णकार, नवल किशोर शुक्ला और चंदूलाल राठौर उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के भैया-बहनों ने परेड के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी, जो समारोह की गरिमा को और बढ़ा रही थी। तत्पश्चात अतिथियों ने माता सरस्वती, ओम और भारत माता के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतर विभाग के छात्रों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं, मनमोहक नृत्य और नारी सशक्तिकरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति की भावना, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक सुंदरता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, गणमान्य नागरिक और विद्यालय समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य विनोद कुमार गुप्ता और श्रवण कुमार गुप्ता ने कुशलतापूर्वक किया। प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त किया और सभी आचार्यों के सहयोग की सराहना की।

### अंबेडकर चौक हरदीबाजार में नरेश ने फहराया तिरंगा



गणतंत्र दिवस की 77वें राष्ट्रीय पर्व का आयोजन अंबेडकर चौक हरदीबाजार में देखने को मिला। अंबेडकर चौक में नरेश टंडन समाजसेवी एवं प्रदेश प्रभारी प्रशिक्षण भाजपा अजा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा श्रीफल तोड़कर पूजा पाठ करके तिरंगा झंडा फहराया गया तथा नारे के साथ संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा मिठाई, प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लालजी टंडन, हीरालाल अहीर, चैतराम बघेल ,भवानी सिंह नेताम ,सुभाष मांडवी, महेंद्र टंडन, राम शंकर राठौर, लालू सतनामी, खानू राम मरकाम, धर्म सिंह मरकाम, गौतम नेताम,उत्तम नेताम, पद्म कुमार ,नंदकुमार, उमेश मरकाम, राहुल नेताम,रामू मांडवी, शिवदयाल, जीतराम, मनीराम एवं अन्य उपस्थित थे।

### कॉलेज चौक हरदीबाजार में किया गया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वाधान में ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास के अगुवाई कॉलेज चौक में पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ जयकारा बोल लगाकर प्रसाद वितरण किया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा महात्मा गांधी मां सरस्वती एवं वीर शहीदों को याद करते हुए पूजा कर फूल एवं तिलक लगाकर जयकारा के साथ कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मदनलाल राठौर, रामशरण कंवर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा कंवर,पूर्व जनपद सदस्य कांति मधुकर,वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रहास राठौर , वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश अहीर, कन्हैया राठौर, बाबूराम राठौर,शत्रुघन यादव, दिलीप राठौर,लक्ष्मी बंजारे,गणेश श्रीवास, अमित श्रीवास, अशोक यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नर्सिंग कालेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य मुख्य अतिथि शलभ पीटर द्वारा ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के बाद प्राचार्य ने वीर जवानों के बलिदान सविधान के बारे मे बताया। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान स्वतंत्रता सेनानियों एवं भीम राव अम्बेडकर को याद किया और देश की उन्नति में योगदान देने का संकल्प लिया।

### मिनीमाता स्कूल बालको में फहराया तिरंगा

मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक कल्याण शिक्षण समिति दुष्यंत शर्मा रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उन्नति एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मिनीमाता विद्यालय पौधे से विशाल वृक्ष बन चुका है। संरक्षक ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिले गणतंत्र को संरक्षित करने की जवाबदारी प्रत्येक भारतीय की है। सचिव गिरीश शर्मा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सभी से संविधान का सम्मान करने की बात कही। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शानदार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कल्याण शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे, समिति के सदस्य गुमान सिंह कंवर, रामदास बरेठ तथा काफी संख्या में अभिभावक एवं नागरिक उपस्थित थे।

### केसीसी में लहराया गणतंत्र दिवस पर तिरंगा



कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित एवं अटल बिहारी वाजपेजी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, कोरबा शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमति रंजना अग्रवाल तथा महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं पालकों की गरिमामय उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए ध्वजारोहण मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल ने किया तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं अन्य महापुरूषों के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर, सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम की अगली कड़ी में गणेश वंदना बीसीए अंतिम से दिव्यारानी एवं स्नेहा तथा बीबीए अंतिम से स्वास्तिका द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा बहुत ही ओजस्वी पूर्ण भाषण एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए ईरविन कुमार एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक उमाकांत कैवर्त, पियुश साहू,राखी सोनवानी, सिमरन कौर एवं डीसीए के छात्रा कविता एवं अनुराधा, पीजीडीसीए से रोशनी प्रिया तथा बीबीए अंतिम से स्वास्तिका द्वारा गणतंत्र दिवस पर भाषण प्रस्तुत हुआ।

### अमरजीत ने कुसमुंडा कार्यालय में फहराया तिरंगा



पूरा देश आज 77वाँ गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम से मना रहा है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कुसमुंडा स्थित कार्यालय में ध्वाजारोहण किया। उसके उपरांत मिठाइयां बांटी गई। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे।

### नरेंद्र देवांगन ने विभिन्न जगहों पर लहराया तिरंगा



गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 18, कोहड़िया देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं जिला ऑटो संघ कोरबा में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही तिरंगा फहराया गया, पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर श्री देवांगन ने उपस्थित नागरिकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और उन असंख्य बलिदानों की याद दिलाता है, जिनके कारण आज हम एक स्वतंत्र और सशक्त भारत में गर्व के साथ जीवन जी रहे हैं। उन्होंने अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए युवाओं और बच्चों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निम्न संस्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक सलामी दी गई।

### लायंस पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस




लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी परिसर में पत्रकार नौशाद खान के मुख्य आतिथ्य में एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा. राजकुमार अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियो द्वारा भारत माता, महात्मा गांधी एवं डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्जवलित कर तिरंगा फहराया गया। तत्पश्चात अतिथियो के स्वागत उपरान्त विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोमा सोनी द्वारा स्वागत उद्बोधन मे अतिथियो को स्कूल के वार्षिक गतिविधियो एवं उपलब्धियो की जानकारी देते हुये बताया कि देश की एकता, अखंडता के लिए छात्रो को संविधान के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। वही विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस की बधाईयां देते हुये कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके रंग रूप से नही बल्कि उसके व्यवहार एवं सदाचार से होता है। उन्होने बच्चो को बताया कि छात्र अपने जीवन में एक अच्छी एवं बेहतर शिक्षा ग्रहण कर समाज, राज्य एवं देश के विकास में अपना योगदान देते है।

### पॉवर हाईट्स सोसायटी में मना गणतंत्र दिवस



पॉवर हाईट्स सोसायटी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य तेजप्रताप सिंह, किशोर कुमार दास, भानु प्रताप राठौर के द्वारा झंडा फहराया गया। झंडा फहराने के पश्चात सोसायटी के बच्चों ने गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत कर सोसायटी के लोगों का मन मोह लिया। उसके पश्चात सोसायटी के लिए पार्थ श्रीवास्तव राष्ट्रीय तैराक को इंटरनेशनल कंप्टीशन दुबई में ब्रांच मेडल प्राप्त करने पर सोसायटी के अध्यक्ष विनय द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण कर सोसायटी के सचिव तरुण स्वर्णकार द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसायटी के उपाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, देवचरण राठौर, सफी अहमद सिद्दीकी, मनीष तिवारी, अशोक बजाज, दीपक जैन, चिंतन ओट्टलवार, नवनीत सोनी, श्याम अग्रवाल, प्रतीक राय, अशोक चौधरी, शांभवी द्विवेदी, ममता श्रीवास्तव, पूनम स्वर्णकार, ज्योति ओम शंकर, श्रीमती भानुसिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सेजस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में फहराया तिरंगा

सेजस हरदीबाजार में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विघालय के अध्यक्ष छोटेलाल पटेल नें ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया और तिरंगे झंडे को सलामीं दी। तत्पश्चात छात्र छात्राओं के द्वारा के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल उमा रमानिधी,नरेश टंडन,जनपद सदस्य सनिता टंडन, पंकज धुर्वा, व्यास राठौर, मीरा रामशरण कंवर,बजरंग यादव,युवराज सिंहकंवर,अनिल टंडन. नरेंद्र अहिर, हीरालाल अहिर, शिक्षक पूनम अहिर, केशव यादव, अनिल परिहार,लक्ष्मण जायसवाल, विवेक गोपाल अंजना सिंह,आकांक्षा गुप्ता,नेहा यादव,ज्योति पटेल,व मंच संचालन रितुजा वनखेड़ा, सांस्कृतिक प्रभारी रंजित कौर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक छात्र छात्राएं। गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने जमीन पर बैठकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

बांकीमोंगरा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय आज़ाद, नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के संयुक्त तत्वाधान में लगातार बांकीमोंगरा क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधिक प्रकरण को देखते हुए पुलिस प्रशासन एव शासन के ख़िलाफ़ जमकर नारेबाज़ी करते हुए लापरवाही को लेकर ज्ञापन सौपा एवं जल्द से जल्द समस्याओं पर सुधार लाने की मांग की गई।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय आज़ाद, नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि विगत कुछ समय से बांकीमोंगरा क्षेत्र में लगातार आपराधिक गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी जा रही है कभी लूट, कभी बलात्कार, चोरी, हत्या इत्यादि लगातार आपराधिक मामलो में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा जो कि अत्यंत भयावह स्थिति की ओर इंगित करता है अगर आज इस पर रोक नहीं लगाया गया तो लगातार यह बढ़ता रहेगा फिर बांकीमोंगरा अपराध मोंगरा कहलाने की स्थिति में हो जाएगा कबाड़ का दुकान बाँकी में, गलियों में शराबखोरीं, गाँजा मोहल्लों में बिकना नशे के हालत में युवाओं द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना यह एक फ़ैसन सा बन गया है पता नहीं आख़िर कब यह रुकेगा करोड़ों के रेल पटरी ग़ायब हो गये, नाबालिकों के साथ बलात्कार हो रहे है, ट्रकों को रोककर लूटपाट किया जा रहा है आख़िर कब तक यह समस्या बनी रहेगी। मामलो को संज्ञान में लेकर त्वरित रूप से निराकरण करवाने की मांग कि गई एव आने वाले समय में बांकीमोंगरा अपराध के मामले में जैसी परिस्थिति चल रही है उस हिसाब से प्रथम पंक्ति में रहेगा। इस अवसर पर प्रमुखरूप से सांसद प्रतिनिधि प्रदीप अग्रवाल, नवल किशोर पंडित, ज़िलाध्यक्ष विकास सिंह, पार्षद पवन गुप्ता, राकेश अग्रवाल, संदीप दहरिया, हेमंत साहनी, मण्डल अध्यक्ष यशपाल सिंह कँवर, डब्लू साहू, सुमित धीवर, आयुष यादव, बॉबी कुमार, मनीष नागे, लालू साहू, अजय देवांगन, सागर कुमार, सागर श्रीवास, समीर माँझी, शुभम, रामेश्वर कर्ष, लखन पात्रे और अनेक कांग्रेसी युवा कांग्रेसी पार्षद उपस्थित थे।

# जिला परिवहन विभाग छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं यातायात संकेतों के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला परिवहन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं यातायात संकेतों के बारे में जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को सरस्वती शिशु मंदिर सीतामणी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह उपस्थित रहे। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और यातायात संकेत से संबंधित पोस्टर दिखाकर बच्चों को संकेतों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान यातायात संकेत से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी योगिता श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान सफीना अंसारी, तृतीय स्थान कुमारी श्वेता गौतम ने प्राप्त किया। विजय विद्यार्थियों को जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य शिक्षा गण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# शासकीय ग्राम्य भारती कालेज में सात दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शिविर में शामिल रासेयो के स्वयं सेवक।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम भदरापारा में आयोजित 24 से 30 जनवरी तक किया जा रहा है जिसके तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा का विषय भारती संविधान और हमारा दायित्व रहा, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्यारे लाला आदिले प्राचार्य जेबीडी महाविद्यालय कटघोरा ने उक्त विषय में स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने सभी स्वयं सेवक को संविधान के भाग, सूची और अनुच्छेदों के बारे विशेष रूप से प्रकाश डाला। जिसमें बताया कि संविधान जीवन जीने का एक आईना है संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर के संविधान के 8वें भाग का अनुशरण करने का प्रेरणा दिया और कहा कि हमारा भारत देश का संविधान एक पेड़ के जड़ की तरह है, जिस तरह बिना जड़ के वृक्ष का अस्तित्व नहीं है, उसी तहर हम भारतवाशियो का जीवन संविधान के बिना अधूरा है। साथ ही साथ अपने उद्बोधन में संविधान के अनुच्छेद 51ए के ग्यारह मौलिक कर्तव्यों को रेखांकित किया गया है और सभी स्वयं सेवकों ने सभी कानूनो का पालन करने की प्रतिज्ञा ली। ग्राम के सभी लोगो ने भी संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछा और सीख लिया। तृतीय दिवस में जिला संगठक डॉ वाई के तिवारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को एनएसएस के नियमों को पालन कर, अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दिया। साथ ही साथ आज के इस परिवेश में स्वयं को मजबूत बनाने के लिए डिजिटल साक्षरता, संचार साक्षरता, जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त समाज पर सभी समाज को जागरूक करने पर बल दिया। शास ग्राम्य भारती महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनिल पांडे ने सभी छात्रों को संविधान के बारे में जानकारी प्रदान किये और नियमो का पालन करने का संदेश दिये।






तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4




टीपी नगर चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

## खबर संक्षेप

### कुसमुंडा-इमलीछापर रेलवे फाटक आज रहेगा बंद

**कोरबा।** कुसमुंडा-इमलीछापर रेलवे फाटक 30 जनवरी की सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 8 बजे तक मरम्मत कार्य के लिए बंद रहेगा।

### आरोपी को दो साल की मिली सजा

**कोरबा।** दो साल पूर्व पुलिस ने एक युवक के कब्जे से गांजे की खेप जब्त की थी। इस मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। दीपका पुलिस ने काशी नगर निवासी मितेश कुमार लोनिया पिता रमन सिंह लोनिया को वर्ष 2023 में दबिश देकर उसके कब्जे से गांजे की खेप जब्त की थी और उसके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मामले को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय में पेश किया था, जहां मामले की सुनवाई हुई और मितेश के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत दो वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है।

### सेद कुमार को तीरंदाजी में मिला गोल्ड मेडल



**कोरबा।** 8वां मास्टर गेम आर्चरी पुणे में 27 से 31 जनवरी तक आयोजित है जिसमें सेद कुमार तीरंदाजी में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा के महाप्रबंधक जी के द्विवेदी, शैलेंद्र पराशर कार्मिक प्रबंधक और इलेक्ट्रिकल रिपेयर शॉप के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई दिए और उन्होंने अग्रिम बधाई शुभकामनाएं दी।

### पेंशन हितग्राही अनिवार्य रूप से कराए सत्यापन

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे अनिवार्य रूप से हितग्राही सत्यापन का कार्य करा लें ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हों। निगम ने कहा है बिना किसी दिक्कत के पेंशन प्राप्त करने हेतु हितग्राही का सत्यापन जरूरी है, सत्यापन न कराने पर पेंशन रूक सकती है। सत्यापन का कार्य निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन या च्वाईस सेंटर में कराया जा सकता है। शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से शत प्रतिशत रूप से किया जाना हैं, साथ ही आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ मोबाईल नम्बर भी लिया जाएगा। हितग्राही नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित पेंशन शाखा अथवा अपने क्षेत्र के नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर सत्यापन का कार्य अनिवार्य रूप से करा लें।

### साहू समाज बालको का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 1 को

**कोरबा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तैलिक विकास समिति बालको नगर कोरबा का वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी दिन रविवार को इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन जी छत्तीसगढ़ शासन होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रुप में महापौर संजू देवी राजपूत उपस्थित रहेंगी तथा अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष अमरदास साहू करेंगे। समाज के महासचिव डिकेश्वर साहू ने बताया कि वार्षिक स्नेह सम्मेलन हमारे साहू समाज बालको नगर द्वारा आयोजित मुख्य आयोजन हैं जिससे समाज के लोगों में आपसी प्रेम ,भाईचारा एवं सोहार्द को बढ़ावा मिलता है।

# एसईसीएल ने खदानों में भूमिगत कोल गैसीफिकेशन के लिए किया सर्वे कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल समेत कोलइंडिया की अन्य सहयोगी कोयला कंपनियों ने भूमिगत कोल गैसीफिकेशन का विकल्प ढूंढा है जिसके तहत एसईसीएल ने भटगांव एरिया की महामाया माइंस में कोल गैसीफिकेशन का सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। खदान के समीप ही 106 हेक्टेयर भूमि पर दबे कोयले की भूमि का गैसीफिकेशन का होगा। इस तरह कोल गैसीफिकेशन संयंत्र से अमोनिया व डीएमई (डाई मेथाइल इथर) समेत अन्य उत्पाद तैयार होंगे।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल को सर्वे के दौरान 1 बिलियन यूनिट उत्पाद रिजर्व होने का अनुमान है। वर्ष 1977 की कोल बेड मिथेन (सीबीएम) नीति में आंशिक संशोधन के बाद 8 मई 2018 को अधिसूचना जारी की गई थी। इस तरह कोल मंत्रालय ने कोल इंडिया लिमिटेड व उसकी सहायक कंपनियों को कोयला युक्त क्षेत्रों में सीबीएम खोज और दोहन का अधिकार दिया। इससे भूमिगत कोल गैसीफिकेशन से अंडर ग्राउंड माइंस से मिथेन को बाहर निकालना है। इसी तरह कोल गैसीकरण से अन्य उत्पाद भी तैयार होंगे। जिसकी डिमांड है और जिसे विदेशों से आयात करने में बड़ी राशि खर्च होती है। एसईसीएल ने भूमिगत कोल गैसीफिकेशन के लिए महामाया माइंस का चयन कर सर्वे कार्य पूरा कर लिया है। अब एसईसीएल प्राइवेट प्लेयर्स से इन उत्पादों के बारे में जानकारी ली रही है जिसकी बाजार में डिमांड बनी हुई है ताकि कोल गैसीकरण से ये उत्पाद भी तैयार किए जा सके। महामाया माइंस के समीप जिस स्थान पर 106 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है वहां जी 6 ग्रेड का कोयला जमीन के भीतर मौजूद है। इसी कोयले का गैसीफिकेशन में उपयोग होगा और अमोनिया समेत अन्य उत्पाद तैयार किया जाएगा। इन उत्पादों के लिए कोल गैसीकरण प्लांट लगेंगे। इसके लिए एसईसीएल जल्द ही ईओआई जारी करेगी ताकि प्राइवेट प्लेयर्स भी भागीदारी ले सके।

### एसईसीएल महामाया माइंस के समीप 106 हेक्टेयर में दबे कोयले का होगा गैसीफिकेशन

**खास बातें**

- कोल गैसीकरण प्लांट से अमोनिया व डाई मिथाइन इथर समेत अन्य उत्पाद होंगे तैयार



**50 फीसदी राजस्व में मिलेगी छूट**

कोयले के गैसीकरण में उपयोग पर कामर्शियल माइनिंग से कोल ब्लाक लेने वाली कोल कंपनियों को 50 फीसदी राजस्व हिस्सेदारी में छूट का प्रावधान भी किया है ताकि भूमिगत के साथ ही सतही कोल गैसीफिकेशन को बढ़ावा मिल सके। जिससे वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

## अवैध कबाड़ कारोबार के विरुद्ध पुलिस का विशेष अभियान जारी

# लोहे का ब्रिज काटने वाले गिरोह के दूसरे सरगना समेत सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों शहर के नजदीक नहर को पार करने के लिए दशकों पूर्व बनाए गए 10 टन वजनी लोहे की ब्रिज को कबाड़ चोरों ने गैस कटर से कटकर पार कर दिया था। इस मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ी मोहम्मद असलम सहित कुल पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकि इस गिरोह का सरगना मुकेश साहू उर्फ बरबट्टी अब तक फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है। संभावना जताई जा रही है कि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।

**खास बात**

- पुलिस ने मुकेश साहू एवं मोहम्मद असलम को पकड़ने की थी 5 हजार ईनाम की घोषणा

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा स्थित नहर में 10 टन वजनी लोहे का ब्रिज बनाया गया था, जो बस्ती में रहने वाले लोग नहर से एक छोर से दूसरे छोर आने जाने के लिए इस्तेमाल करते थे। विगत दिनों कबाड़ चोरों ने गैस कटर से काटकर ब्रिज की ही चोरी कर ली थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कबाड़ चोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की थी और मामले में फरार चल रहे आरोपियों की धर पकड़ के लिए श्री तिवारी ने विशेष टीम को निर्देशित किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि इस मामले में फरार चल रहे कुल 7 आरोपियों को पुनः गिरफ्तार किया है। जिसमें दो नाबालिग शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों में 15 ब्लॉक निवासी मोहम्मद असलम पिता मोहम्मद महबूब खान उम्र 42 वर्ष, मोहम्मद अब्दुल कादिर, पिता मोहम्मद राहुब खान उम्र 19 वर्ष, रावतभाटा बजरंग चौक कोरबा निवासी रोहित कुमार पिता रामानंद भगत 33 वर्ष, विक्की कुमार साह पिता रंजीत साह 24 वर्ष, अटल आवास वार्ड क्रमांक 117 कोरबा निवासी राजेश कुमार उपाध्याय पिता महेश्वर लाल उपाध्याय 48 वर्ष सहित विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त सभी आरोपी संगठित रूप से गैस कटर का उपयोग कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए चोरी कर कबाड़ में खपाने का कार्य करते थे। इसी क्रम में विवेचना के दौरान संलिप्त पाए गए 5 अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस प्रकार इस प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शेष फरार आरोपियों की तलाश जारी है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।



पुलिस गिरफ्त में कबाड़ चोर।

### जिले भर के कई दुकानों को किया गया सील

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि सार्वजनिक संपत्ति की चोरी एवं चोरी गए लोहे को अवैध रूप से कबाड़ में खपाने की गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिलस पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ कारोबारियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी विशेष अभियान के अंतर्गत उरगा थाना क्षेत्र में भी कार्यवाही की गई, जिसमें अवैध रूप से कबाड़ संचालन करने वाले कबाड़ संचालक मदन अग्रवाल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इसी तरह कोरबा- कटघोरा एवं दर्री के तीनों अनुभाग के अनुभागी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 5 कबाड़ यार्ड को सील बंद किया गया है, जिसमें सियाराम अग्रवाल का 2 कबाड़ यार्ड झगरहा, जाफर कबाड़ यार्ड कुसमुंडा, पिंटू गुप्ता कबाड़ यार्ड आरामशीन चौक इन सभी दुकान को सील बंद की कार्यवाही की गई है। संचालित समस्त कबाड़ दुकानों की संयुक्त जांच की जा रही है। इस कार्यवाही में पुलिस के साथ नगर निगम एवं तहसीलदार की टीम ने दुकानों के वैध दस्तावेज, खरीद-बिक्री रजिस्टर, स्टॉक विवरण एवं स्रोतों की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाली एवं अवैध रूप से संचालित कबाड़ दुकानों को सील किया जा रहा है तथा संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## आदिवासियों से अवैध वसूली का आरोप, फिर से आबकारी विभाग के दो अधिकारी घेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फूल सिंह राठिया

जिले में आबकारी विभाग बीते कुछ महीनों से चर्चा में रहे हैं। बावजूद इसके विभाग के दो अधिकारियों पर फिर से वनांचल क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीणों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने मामले को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**खास बात**

- विधायक फूलसिंह राठिया ने कलेक्टर से की कड़ी कार्रवाई की मांग

विधायक फूलसिंह राठिया द्वारा भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि आबकारी विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक जया मेहर देवांगन और प्रधान आरक्षक संतोष राठौर द्वारा क्षेत्र के भोले-भाले आदिवासी ग्रामीणों को जेल भेजने का डर दिखाकर अवैध रूप से पैसों की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पैसे नहीं देने पर झूठे प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की भी धमकी दी जाती है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत बरपाली में ग्रामीणों और आबकारी विभाग के बीच विवाद की स्थिति बनी थी। इस दौरान आबकारी विभाग ने गरीब आदिवासी ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के सरपंच के खिलाफ श्यांग थाना में शिकायत दर्ज कराई। विधायक का कहना है कि यह कार्रवाई दबाव बनाने और भय का माहौल पैदा करने के उद्देश्य से की गई है। विधायक फूलसिंह राठिया ने आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और उन्हें कानून का कोई भय नहीं है। उन्होंने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। अब इस मामले में जिला प्रशासन की भूमिका अहम मानी जा रही है। यदि निष्पक्ष जांच होती है तो आदिवासी क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही कथित अवैध वसूली की परतें खुल सकती हैं।

### छात्रा की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 20 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। छात्रा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़देवा कॉलोनी के मकान नंबर बी 2/27 में निवासरत भारती टंडन पिता अजीत टंडन घर में फंसी के फंदे में लटकी हुई लाश मिली है।

# पुरानी रंजिश को लेकर छात्रों ने की चाकूबाजी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुराने विवाद को लेकर छात्रों के बीच जमकर झड़प हो गया, जहां कुछ छात्रों ने मिलकर कक्षा 8वीं में अध्यनरत छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। छात्र को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीनगर बस्ती में निवासरत 15 वर्षीय किशोर ब्लू बर्ड स्कूल कोसाबाड़ी में कक्षा 8वीं के छात्र हैं। बताया जाता है कि छात्र रोज की तरह

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र जूनियर क्लब के समीप हुई थी घटना

स्कूल गए थे। इस दौरान बुधवार की दोपहर स्कूल से छुट्टी होने पर सायकल में सवार होकर घर जा रहे थे कि इसी दौरान जूनियर क्लब के पास पहले ही थे कि कक्षा सातवीं के छात्रों ने छात्र का रास्ता रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कक्षा 7वीं में अध्ययन छात्रों ने मिलकर कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले छात्र पर चाकू और ब्लड से जानलेवा हमला कर दिया। लहुलुहान छात्र को मौके पर छोड़कर वहां से भाग निकले। इसके बाद स्थानीय राहगीरों की मदद से छात्र को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला सेनानी ने किया पदभार ग्रहण, सैनिकों की समस्या से हुई रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सेनानी अनुज एक्का के खिलाफ सैनिकों ने मोर्चा खोल दिया था। जहां बर्खास्त एक सैनिक ने विगत दिनों जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की थी। नगर सैनिकों के लगातार विरोध के बाद जिला सेनानी अनुज एक्का को रायपुर अटैच कर दिया गया है। उनके स्थान पर गुरुवार को जिला जांजगीर चांपा से जिला सेनानी योग्यता साहू ने प्रभार संभाला और पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने सैनिकों के साथ एक सम्मेलन आयोजित किया और उनकी समस्या से रूबरू होकर मिलकर काम करने की बात कही है।



सैनिकों से रूबरू होती जिला सेनानी।

उल्लेखनीय है कि जिला सेनानी अनुज एक्का के खिलाफ लंबे समय से सैनिक आंदोलन करते आ रहे थे और नगर सेना (होमगार्ड) के एक जवान ने कथित बर्खास्तगी और मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या की कोशिश की। जवान ने जहर सेवन कर लिया, जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया था। घटना के तुरंत बाद जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया था। इस घटना के बाद जिला सेनानी एक्का को रायपुर अटैच किया गया था, जबकि उनके स्थान पर जिला जांजगीर चांपा की जिला सेनानी योग्यता साहू को कोरबा का भी प्रभार दिया गया था। इसी कड़ी में योग्यता साहू ने कोरबा जिला सेनानी का पदभार ग्रहण कर लिया है और प्रदर्शन करने वाले सैनिकों की एक बैठक ली और उन्हें मिलकर काम करने के लिए कहा है। हालांकि सैनिक अब तक दबी जुबान पर बर्खास्त सैनिक की बहाली की मांग कर रहे हैं। यदि उसकी बहाली नहीं होती है तो वे फिर से आंदोलन कर सकते हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि बर्खास्त सैनिक जल्द ही बहाल किया जा सकता है।

## लोगों के घरों में योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाने के लिए कर रही कार्यवाही

# निगम के वार्डों में पहुंच रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड एवं बस्तियों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम 27 जनवरी से वार्डो में पहुंच रही है तथा पार्षदों व नागरिकों से चर्चा कर उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लाभो की जानकारी देते हुए घरों में सोलर पैनल लगाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही कर रही है। आयुक्त आशुतोष पांडे ने आदेश जारी कर इस विशेष अभियान हेतु अधिकारी कर्मचारियों की वार्डबार तैनाती की थी तथा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य करने के निर्देश उन्हें दिए थे।



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का क्रियान्वयन फरवरी 2024 में आम जनता के हित में किया गया था, जनहित में लागू की गई यह योजना आवासीय परिसरो, घरों में रूफ टॉप सोलर पैनल सयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसके माध्यम से उपभोक्ता न केवल अपने घरेलू बिजली आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे बल्कि अतिरिक्त विद्युत को ग्रिड में प्रवाहित कर आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर पाएंगे, यह पहल हर घर को ऊर्जा उत्पादक बनाने, बिजली हेतु आत्मनिर्भर करने तथा बिजली बिल के भार से मुक्त होने व इससे अतिरिक्त आय अर्जित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार इस योजना के सफल क्रियान्वयन तथा इसका अधिकाधिक लाभ आम नागरिकों को पहुचाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन हेतु निगम पूरी इच्छा शक्ति के साथ कार्य कर रहा है, इसी कड़ी में अब निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम 27 जनवरी से वार्ड व बस्तियों में पहुंच रही है तथा वार्ड के पार्षद, नागरिकों व विद्युत विभाग के अधिकारियों के समन्वय से योजना के सफल क्रियांवयन हेतु विशेष अभियान संचालित कर रही है एवं शिविर लगा रही है। आयुक्त आशुतोष पांडे ने आदेश जारी कर इस हेतु वार्डबार अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की है। वार्डों में लगाए जाने वाले शिविरों हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 जनवरी को वार्ड क्रमांक 3, 43 एवं 28 जनवरी को वार्ड क्रमांक 2, 6, 37, 51, 61 में टीम ने पहुंचकर शिविर लगाया तथा योजना क्रियान्वयन की कार्यवाही की। 30 जनवरी को वार्ड क्रमांक 5 में यह टीम पहुंचेगी एवं योजना के क्रियान्वयन हेतु अभियान संचालित करेगी।

### बिजली बिल के भार से मुक्त हुआ

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 2 के निवासी संजीव सोना ने बताया कि इसी दिसंबर माह में मैंने अपने घर में 3 किलोवाट का सोलर पैनल प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लगवाया था, इस योजना में केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी 78 हजार एवं राज्य सरकार की सब्सिडी 30 हजार रुपए कुल सब्सिडी 1 लाख 8 हजार रुपये मेरे खाते में जमा हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मैंने एक माह में बिजली विभाग से 233 यूनिट बिजली ली जबकि घर में लगवाए गए सोलर पैनल के माध्यम से 217 यूनिट बिजली ग्रिड में दी, इस प्रकार इस माह केवल 6 यूनिट का बिजली बिल ही आया है, अगले माह में मेरा बिजली बिल शून्य हो जाएगा। उन्होंने अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे भी अपने घरों में सोलर पैनल जरूर लगाए तथा इस योजना का लाभ प्राप्त करते हुए बिजली बिल के भार से मुक्त हो जाए।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

**कोरबा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचन भाजपा जि अध्यक्ष गोपाल मोदी के द्वारा बीजेपी कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में सम्पन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पन्नालाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद साहू, जिला सचिव लखेश्वर प्रसाद कुंभकार, जिला आईटी सेल प्रभारी सुनील कुमार शर्मा, कटघोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल, कटघोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्र भूषण राठौर, बसंत मार्टिन, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, श्रीमती संगीता राठौर, शत्रुघ्न यादव, सुधीर कुमार पैकरा उपस्थित रहे। विमोचन कार्यक्रम के प्रायोजक श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ.गोपाल बन गोस्वामी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड प्रतियोगिता में लावण्या ने जीता स्वर्ण पदक



**कोरबा।** हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड प्रतियोगिता में डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुसमुण्डा की कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी लावण्या प्रधान को स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान एवं नगद राशि 29 जनवरी को तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली के सभागार में मुख्य अतिथि डॉ.विनोद नारायण इंदूरकर अध्यक्ष सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ पाटिल प्रांजल लहॅसिंह अतिरिक्त शिक्षा निदेशक शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार, डॉ.पूरन चंद्र टंडन निदेशक, भारतीय अनुवाद परिषद, नई दिल्ली, डॉ कैलाश जाधव संयोजक, गोवा हिन्दी अकादमी, गोवा के द्वारा प्रदान किया गया है। हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष डॉ.पीयूष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार तिवारी, महासचिव कल्पना शर्मा, सयुंक्त सचिव डॉ प्रेम कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष संदेश डबास, सदस्य सफलता गौतम, अमित शर्मा, कुसुमपाल कश्यप, मनोज तंवर, अरविंद शर्मा एवं सदस्य चयन समिति के सभी निर्णायक मंडल एवं उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने छात्रा लावण्या प्रधान को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पाली महोत्सव आयोजन स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली के केराझरिया में 15 एवं 16 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव की तैयारियों के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए समग्र तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने मंच एवं बैठक व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पार्किंग, वीआईपी बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच पर आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था तथा प्रवेश पास से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने संभावित वीआईपी आगमन की स्थिति में हेलीपैड की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने आपात स्थिति की तैयारी के लिए एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# जंगल में आग रोकने व हाथियों की निगरानी के लिए तैयार हो रहा वाच टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जंगल में फरवरी के बाद अग्नि सीजन शुरू हो जाता है। साथ ही जिले के जंगल में हाथियों की हमेशा आमद बनी रहती है। इसलिए फायर सीजन व हाथियों की सही निगरानी हो सके इसके लिए वन विभाग वनांचल क्षेत्र में लगातार वॉच टावर निर्माण कर रहा है, ताकि अग्नि सुरक्षा के साथ-साथ हाथियों की निगरानी में भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सही कर सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का बसेरा बना रहता है। खासतौर पर कुदमुरा, करतला पसरखेत, लेमरू बालको रेंज में सबसे ज्यादा हाथियों का आना जाना लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर फरवरी का महीना शुरू होने वाला है और फरवरी के महीने से ही जंगल में आगजनी की घटना शुरू हो जाती है, लेकिन सबसे ज्यादा आगजनी की घटना मार्च और अप्रैल महीने में सामने आती है। वहीं दूसरी ओर हाथियों की निगरानी बेहतर ढंग से हो सके और जंगल को आग से बचाया जा सके, इसके लिए वन विभाग द्वारा जंगल में वाच टावर का निर्माण किया जा रहा है। बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल के लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर वन विभाग द्वारा वाच टॉवर का निर्माण किया जा चुका है, जिसमें मुख्य रूप से कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के चिर्रा, गुरमा, पसरखेत रेंज में बताती, फूलसरी, करतला रेंज में संडैल शामिल है। जबकि आने वाले दिनों में गेरांव और गिद्धकुंवारी में लाखों की लागत से वाच टावर निर्माण कराने की दिशा पर वन विभाग प्रयास कर रहा है। वन विभाग के एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वाच टावर बहुत सारे इस्तेमाल हैं। खास तौर पर इस वॉच टावर के माध्यम से जंगल में किस स्थान पर आग लगी है यह देखने में आसानी होता हैद। वहीं दूसरी ओर वाच टावर के माध्यम से हाथियों की ट्रैकिंग भी सही होती है। हाथियों की मौजूदगी व सुरक्षा की दृष्टिकोण से वाच टावर का निर्माण कराया जा रहा है। निश्चित तौर पर इसके निर्माण से हाथियों की निगरानी और जंगल की सुरक्षा में तेजी आई है। आने वाले दिनों में फरवरी के महीने से अग्नि का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी और व अग्नि पहरी वाच टावर में चढ़कर जंगल में आगजनी का एग्जैक्ट लोकेशन का पता लगा पाते हैं।

## आधा दर्जन से अधिक स्थानों में किया गया तैयार

**खास बातें**

- दो नए स्थानों में लाखोंकी लागत से बनेगा वॉच टावर
- फायर सीजन में होगा सबसे ज्यादा इस्तेमाल



## उद्योग मंत्री ने 2 करोड़ रू. से वार्ड क्र. 56 में बनेगा नाला

# मुख्यमंत्री की अगुवाई में विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा राज्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हित में लिए गए अपने ऐतिहासिक निर्णयों के लिए जाने जाते हैं उनके निर्णयों से विश्वस्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है तथा विश्व में भारत की प्रतिष्ठा व विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है, उनके मार्गदर्शन में एक ओर जहां देश के चहुमुंखी विकास को तेज गति मिली है, वहीं दूसरी ओर उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के करोड़ों परिवार लाभांवित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अपने सहज, सरल स्वभाव की छवि रखने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ राज्य विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह के द्वारा प्रारंभ कराई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था, अब इन योजनाओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पुनः प्रारंभ कराया गया है, साथ ही जनहित की नई योजनाएं क्रियान्वित कराई गई है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 56 लाटा में 2 करोड रूपये से नाला निर्माण तथा 38 लाख रूपये की लागत से सरदार वल्लभभाई पटेल चौक में सौंदर्यीकरण का कार्य के भूमिपूजन अवसर पर कहे। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर उपस्थित थे। दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 56 में पी.एम.ए.वाई. साईट से लाटा तालाब तक 2 करोड रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला का निर्माण तथा वार्ड क्र. 58 में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल चौक में सौंदर्यीकरण का कार्य 38 लाख रूपये की लागत से कराया जाना हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो यहां पर निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के लगातार विकास कार्य जारी हैं, विगत 2 वर्षो के दौरान यहां 800 करोड़ रूपये के विकास कार्यो को स्वीकृत दी जा चुकी है, जिसमें अनेक कार्य प्रगतिरत या पूर्णता की ओर है तथा बडे.पैमाने पर विकास कार्य प्रारंभ भी कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्र. 56 में सार्वजनिक मंच निर्माण की घोषणा एवं सी.सी. रोड निर्माण की घोषणा भी की।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री देवांगन, महापौर राजपूत व अन्य।

# अटल स्मृति भवन बनेगा भाजपा संगठन की नई पहचान : गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- नवीन जिला कार्यालय के भूमिपूजन को लेकर भाजपा की पत्रकार वार्ता

सेवा ही संगठन है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिला द्वारा एक भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त जिला कार्यालय के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। जिले के नवीन भाजपा जिला कार्यालय का नामकरण अटल स्मृति भवन के रूप में किया जाएगा, जो राष्ट्रनायक भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और आदर्शों का प्रतीक होगा।

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने भाजपा के नवीन जिला कार्यालय के भूमिपूजन समारोह के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित मीडिया से संवाद सह भेंटवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, रायपुर संभाग के सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह एवं जिला महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मोदी ने जानकारी दी कि यह नया जिला कार्यालय लगभग 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि पर निर्मित किया जाएगा, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय दूर-दराज़ से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण, वैचारिक विमर्श एवं जनसेवा का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन 16 जनवरी 1991 को तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल के कर-कमलों से संपन्न हुआ था तथा उसका लोकार्पण 24 मार्च 1993 को कुशाभाऊ ठाकरे द्वारा किया गया था। नया प्रस्तावित कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा, संस्कार और राष्ट्र प्रथम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला वैचारिक केंद्र होगा। मीडिया संवाद कार्यक्रम में पूर्व महापौर जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय सहित जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व पोर्टल के पत्रकार साथी, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

# कटघोरा को जिला बनाने की मांग तेज अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा को जिला बनाए जाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। इसी कड़ी में कटघोरा जिला बनाओ अभियान समिति एवं अधिवक्ता संघ कटघोरा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कटघोरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन से शीघ्र निर्णय लेकर कटघोरा को जिला घोषित करने की मांग की गई।

अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो 30 जनवरी 2026 से क्रमिक धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा। संघ के सदस्यों ने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण होगा, किंतु मांग पूरी होने तक निरंतर जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में कहा कि कटघोरा क्षेत्र प्रशासनिक, भौगोलिक एवं जनसंख्या की दृष्टि से जिला बनने की सभी योग्यताएँ रखता है। जिला बनने से स्थानीय नागरिकों को प्रशासनिक सुविधाओं का त्वरित लाभ, न्यायिक कार्यों में सरलता तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा कि वर्षों से चली आ रही इस मांग को अब और टालना उचित नहीं होगा। क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और विकास की आवश्यकताओं को देखते हुए शासन को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

**खास बात**

- आज से क्रमिक धरना प्रदर्शन की घोषणा

# एसईसीएल कर्मी के घर चोरों का धावा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगना थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कॉलोनी निवासी हीरालाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह एसईसीएल सिंघाली खदान में कार्यरत है। विगत दिनों अपने घर में ताला लगाकर अपने गृहग्राम ऐड़ू चला गया था कि 28 जनवरी को उसे पड़ोसी गांधी लाल साहू ने सुबह 10.20 बजे फोन कर बताया कि तुम्हारे घर में चोरी हो गई है। पड़ोसी ने उसे बताया कि उसके घर के दरवाजा में लगा ताला टुटा हुआ है। उसने सूचना पाकर अपने बेटा गणेश राम के साथ बांकीमोगरा घर आया और देखा कि घर का ताला टुटा हुआ था और घर के अंदर प्रवेश किया तो उसने देखा कि कपड़ा सहित अन्य बिखरा पड़ा हुआ है। अलमारी का लॉकर भी टूटा पाया गया और अलमारी में रखे नगद 20 हजार रूपये नही थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात चोर घर के दरवाजा में लगे ताले को तोड़कर 20 हजार रूपये नगदी की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पाली विकासखंड स्थित धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया और किसानों से खरीदी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने केंद्र में धान बेचने आए किसानों के धान की नमी एवं गुणवत्ता की स्वयं जांच कर खरीदी की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को देखा।

# श्रद्धा महिला मंडल ने की गौ माता की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में सामाजिक कल्याण एवं उत्थान के अंतर्गत प्रेरणा महिला समिति, सीईएसडब्ल्यू गेवरा की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के नेतृत्व में जय माँ सर्वमंगला गौ सेवा धाम, राताखार में गौ-सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौ-सेवा हेतु 93 किलोग्राम पैरा कुट्टी एवं 36 किलोग्राम दाना प्रदान कर गौ-माता की सेवा की गई। इस पुनीत कार्य में प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के साथ श्रीमती प्रियंका खरे, श्रीमती अंजना पाराशर, श्रीमती रीना बड़ाई, श्रीमती बबीता बैरवा एवं श्रीमती शीला श्रीवास उपस्थित रही।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया नुक्कड़ नाटक

# टीपी नगर चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर चौक में सड़क सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर पीजी कॉलेज के छात्र छात्र छात्राओं ने यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। वाहन चलाते समय नियमों के पालन और बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देकर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर यातायात एएसआई मनोज राठौर ने भी छात्र-छात्राओं सहित सड़क से गुजरने वाले लोगों को यातायात का पाठ पढ़ाया गया। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने देघवन की सड़कों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने ने अपने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेश दिए। उन्होंने आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से आमजन को सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार के महत्व के प्रति जागरूक किया।




नुक्कड़ नाटक में शामिल छात्र व अन्य।

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411